ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति प्रो॰ अरूण कुमार के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 15 अप्रैल 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति प्रो॰ अरूण कुमार के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि स्व॰ प्रो॰ अरूण बाबू एक लोकप्रिय समाजसेवी, प्रख्यात शिक्षाविद् तथा संसदीय मामलों के विशेषज्ञ राजनेता थे। उनके निधन से सामाजिक–राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत स्व॰ प्रो॰ अरूण कुमार की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....